**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-3321**

**उत्तर देने की तारीख-16/12/2024**

**पीएम-श्री योजना के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय**

**3321. श्रीमती कमलेश जांगड़े:**
**श्री प्रवीण पटेल:**
**श्री कंवर सिंह तंवर:**
**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) को पीएम-श्री योजना के तहत लाने का प्रस्ताव किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस योजना की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ग) पीएम-श्री योजना के तहत कवर किए गए जवाहर नवोदय विद्यालयों की विशेष कर उत्तर प्रदेश सहित राज्यवार संख्या कितनी है;

(घ) पीएम-श्री योजना के तहत जेएनवी को चरण-वार कितना बजट स्वीकृत किया गया है;

(ङ.) पीएम-श्री योजना के आरंभ के बाद से जवाहर नवोदय विद्यालयों में हुए सुधार का विशेषकर छत्तीसगढ़ सहित राज्यवार ब्यौरा क्या हैं;

(च) पीएम-श्री योजना के अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने और जेएनवी में शिक्षा के मानकों में सुधार करने की कितनी संभावना है;

(छ) क्या सरकार ने जवाहर नवोदय विद्यालयों में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों की रिक्तियों को भरने के लिए कदम उठाए हैं;

(ज) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान की गई कुल भर्तियों का ब्यौरा क्या है; और

(झ) दादरा और नगर हवेली में पीएम-श्री योजना के तहत सरकार द्वारा चिह्नित स्कूलों का जिलेवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ग) नवोदय विद्यालय समिति (नविस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीएम श्री योजना के अंतर्गत कुल 620 जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) को शामिल किया गया है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत शामिल जनवि की राज्यवार, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में संख्या अनुलग्नक-I में दी गई है।

पीएम श्री स्कूल केंद्र सरकार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से मौजूदा स्कूलों को मजबूत करके चरणबद्ध तरीके से स्थापित किए जाते रहे हैं। इन स्कूलों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सभी पहलों को प्रदर्शित करना और समय के साथ अनुकरणीय स्कूल के रूप में उभरना, साथ ही पड़ोस के अन्य स्कूलों को नेतृत्व भी प्रदान करना है। वे अपने-अपने क्षेत्रों में एक समतामूलक, समावेशी और आनंदमय स्कूली वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में नेतृत्व प्रदान करते हैं, जो बच्चों की विविध पृष्ठभूमि, बहुभाषी आवश्यकताओं और विभिन्न शैक्षणिक क्षमताओं का ध्यान रखता है और उन्हें एनईपी 2020 के दृष्टिकोण के अनुसार स्वयं की अधिगम प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाता है।

इस योजना के अंतर्गत, केंद्र सरकार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से मौजूदा स्कूलों को मजबूत करके 14500 से अधिक पीएम श्री स्कूल स्थापित करने का प्रावधान है, जिनमें से चयन के चौथे चरण तक 12,084 पीएम श्री स्कूलों का चयन किया गया है।

पीएम श्री योजना की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:

1. गुणवत्ता और नवाचार (शिक्षण संवर्द्धन कार्यक्रम, समग्र प्रगति कार्ड, अभिनव शिक्षाशास्त्र, बैगलेस दिन, स्थानीय कारीगरों के साथ इंटर्नशिप, क्षमता निर्माण आदि) ।
2. शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत लाभार्थी उन्मुख अधिकार।
3. वार्षिक स्कूल अनुदान (समग्र स्कूल अनुदान, पुस्तकालय अनुदान, खेल अनुदान) ।
4. बालवाटिका और आधारभूत साक्षरता और संख्याज्ञान सहित प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा।
5. लड़कियों और विशेष जरूरतों वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के लिए सुरक्षित और उचित बुनियादी ढांचे के प्रावधान सहित समानता और समावेशन।
6. छात्रों को दिए जाने वाले विषयों के चयन में लचीलेपन को प्रोत्साहित करना।
7. शिक्षकों और छात्रों के बीच भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने में मदद करने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप का उपयोग करके शिक्षण के माध्यम के रूप में मातृभाषा को प्रोत्साहित करना।

8. डिजिटल शिक्षाशास्त्र का उपयोग करने के लिए आईसीटी, स्मार्ट क्लासरूम और डिजिटल लाइब्रेरी।

9. मौजूदा बुनियादी ढांचे को मजबूत करना।

10. व्यावसायिक हस्तक्षेप और विशेष रूप से स्थानीय उद्योग के साथ इंटर्नशिप/उद्यमिता के अवसरों को बढ़ाना। विकासात्मक परियोजनाओं/निकटवर्ती उद्योग के साथ कौशल अनुकूलन करना और तदनुसार पाठ्यक्रम/पाठ्यचर्या विकसित करना।

(घ) पीएम श्री योजना के अंतर्गत नवोदय विद्यालय समिति (नविस) को स्वीकृत चरणवार बजट इस प्रकार है:

**राशि (रुपए करोड़ में)**

| **चरण** | **नविस को चरणबद्ध तरीके से स्वीकृत बजट** |
|---|---|
| I | 487.71 |
| II | 315.54 |
| III | 24.73 |

**(ङ)** और **(च)** पीएम श्री योजना के उद्देश्यों को इस योजना के अंतर्गत आने वाले जनवि द्वारा काफी हद तक प्राप्त कर लिया गया है। छत्तीसगढ़ के जनवि सहित सभी पीएम श्री जनवि में हुए सुधार इस प्रकार हैं:

- स्मार्ट कक्षाओं और आईसीटी अवसंरचना का उन्नयन
- खेल सुविधाओं का विकास
- प्रायोगिक शिक्षण के लिए प्रायोगिक किट (विज्ञान और गणित किट) की उपलब्धता
- सभी जनवि में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना
- स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन
- व्यावसायिक/कौशल शिक्षा
- बैगलेस दिवस गतिविधियाँ
- एक्सपोजर विज़िट
- विज्ञान/गणित सर्कल
- प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम
- लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण

• विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन और कैरियर मार्गदर्शन सत्र
• सभी जनवि में स्थानीय कारीगरों/विशेषज्ञ कलाकारों के साथ कला और शिक्षा कार्यक्रम।
• योग/खेल प्रशिक्षकों को शामिल करना

**(छ)** और **(ज)** शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की रिक्तियां सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, पदोन्नति और नए स्ट्रीम के उन्नयन/मंजूरी के साथ-साथ छात्रों की संख्या में वृद्धि के कारण अतिरिक्त आवश्यकता उत्पन्न होती हैं। रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है और प्रासंगिक भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार रिक्तियों को भरने का प्रयास किया जाता है। नवोदय विद्यालय समिति (नविस) द्वारा बाधारहित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अस्थायी अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर शिक्षकों को भी नियुक्त किया जाता है। नविस में पिछले पांच वर्षों के दौरान किए गए शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की सीधी भर्ती का ब्यौरा इस प्रकार है:

| वर्ष | सीधे भर्ती किये गये शिक्षण पदों की संख्या | सीधे भर्ती किये गये गैर-शिक्षण पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 2019-20 | 2653 | 259 |
| 2021-22 | -- | 1925 |
| 2022-23 | 2200 | -- |

**(झ)** संघ राज्य क्षेत्र दादर एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव में पीएम श्री स्कूलों का ब्यौरा इस प्रकार है:

| क्र. सं. | जिले का नाम | पीएम श्री स्कूल का नाम |
|---|---|---|
| 1. | दीव | सरकारी प्राथमिक विद्यालय (जीपीएस), अंग्रेजी माध्यम, घोघला |
| 2. | | जीपीएस नंबर 4, वनकबारा |
| 3. | | जनवि, दीव |
| 4. | दमन | सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय (जीयूपीएस), रिंगनवाड़ा ई/एम |
| 5. | | जीपीएस, खारीवाड़ी (जीएम/ईएम) |
| 6. | | जनवि, दमन |
| 7. | दादर और नगर हवेली | सी.पी.एस., दपाड़ा |
| 8. | | जनवि, सिलवासा |

*****

**अनुलग्नक-I**

**पीएम-श्री योजना के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय के संबंध में माननीय संसद सदस्यों श्रीमती कमलेश जांगड़े, श्री प्रवीण पटेल, श्री कंवर सिंह तंवर और श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर द्वारा दिनांक 16.12.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3321 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालयों की राज्यवार सूची

| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र के नाम | पीएम श्री के अंतर्गत शामिल जवाहर नवोदय विद्यालयों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 2 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 15 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 14 |
| 4 | असम | 27 |
| 5 | बिहार | 38 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 |
| 7 | छत्तीसगढ | 27 |
| 8 | दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 3 |
| 9 | दिल्ली | 2 |
| 10 | गोवा | 2 |
| 11 | गुजरात | 33 |
| 12 | हरियाणा | 21 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 12 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 15 |
| 15 | झारखंड | 25 |
| 16 | कर्नाटक | 30 |
| 17 | केरल | 14 |
| 18 | लद्दाख | 2 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 53 |
| 21 | महाराष्ट्र | 34 |
| 22 | मणिपुर | 10 |
| 23 | मेघालय | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| 24 | मिजोरम | 8 |
| 25 | नागालैंड | 10 |
| 26 | ओडिशा | 31 |
| 27 | पुदुचेरी | 4 |
| 28 | पंजाब | 23 |
| 29 | राजस्थान | 35 |
| 30 | सिक्किम | 4 |
| 31 | तेलंगाना | 9 |
| 32 | त्रिपुरा | 6 |
| 33 | **उत्तर प्रदेश** | **75** |
| 34 | उत्तराखंड | 13 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 14 |
| **कुल** | | **620** |

*****